## एक नजर

### जपला मुख्य डाकघर में तिरंगा की बिक्री शुरू

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आह्वान पर डाक विभाग द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी डाकघरों में पर्याप्त मात्रा में तिरंगा झंडा उपलब्ध करा दिया गया है। जपला मुख्य डाकघर के अरविंद कुमार ओझा ने बताया कि तिरंगा झंडा 25 रुपये में एक प्रति के दर से बिक्री शुरू हो गई है।

### धूमधाम से मनाई गई नागपंचमी की पूजा

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र में शुक्रवार को नाग पंचमी पूजा की धूम रही। नागपंचमी के अवसर पर लोगो ने नाग मंदिरों में दूध, लावा आदि से नाग देवता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। लोगों इस दिन मीठा भोजन कर नमक का परित्याग किया। इस अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र के जपला-छतरपुर रोड गम्हरिया स्थित नाग मंदिर परिसर में सुबह से शाम तक पूजा का दौर जारी रहा। शहर व समीपवर्ती गम्हरिया, बंसी बीघा, लंगरकोट, ऊपरी कला, ऊपरी खुर्द, बसडीहा आदि दर्जनो गांव के लोगों ने पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी छठु प्रजापति आदि ने ध्वजारोहण कर पूजा की शुरूआत की। कमेटी की ओर से विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मौके पर रंजय कुमार, काशी , विकास गुप्ता, गुड्डू कुमार यादव, कर्मदेव पासवान, अखिलेश पासवान,अजय प्रसाद गुप्ता, रामजवित पासवान आदि सक्रिय रहे। इसके अलावा डंडिला पंचायत के हीरा सिकनी के पास रेडिया स्थित नाग मंदिर में भी वृहत मेला का आयोजन किया गया। विशेष अनुष्ठान के पूर्व पूजा समिति द्वारा भव्य जल यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष लव कुमार, सचिव सोनू, देवेंद्र कुमार, बुल्लू प्रजापति, कल्लू राजवंशी,पप्पू आदि सक्रिय रहे। उक्त दोनों जगहों पर वृहत मेला का आयोजन हुआ। जिसमें खराब मौसम के बावजूद भी काफी संख्या में लोगों ने मेला का आनंद उठाया.वही गांवखाप, कचरा, खेखसाहि, पहाड़ी,नावाडीह आदि समेत दर्जनों जगहों पर पूजा की गयी। इस अवसर पर देर शाम तक नाग मंदिरों में पूजा पाठ का दौर जारी रहा।

# बारिश ने जगाई किसानों की उम्मीद, फैली हरियाली

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** मैदानी इलाकों में गिने चुने किसानों ने सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन से मृगडाह नक्षत्र में बिचड़े डाला। तब भी आर्द्रा नक्षत्र में भी अच्छी बारिश नहीं हुई, तो वैकल्पिक संसाधन से बिचड़ों को हराभरा रखा। बिचड़े जब तैयार हो गए, तो इसी तरीके से खेतों को तैयार कर धनरोपनी कर दी। इसमें स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई कि लगने लगा था कि धनरोपनी में निवेश की गई पूंजी बर्बाद हो जाएगी। मगर मौसम ने करवट बदली। जिसमें झमाझम बारिश से अब धान पैदावार की उम्मीद जग गई है। ऐसी स्थिति रामनगर टोले पर देखने को मिली। जहां विपरीत परिस्थितियों में भी इसी तरीके से धनरोपनी की जाती है। ऐसे किसानों में रामजन्म राम, गनौरी मेहता परिवार और कृष्णा यादव, नन्हक यादव और मुक्खु यादव के नाम शामिल हैं। इनके अलावा शिलापर गांव के बड़े काश्तकार परीखा प्रसाद मेहता का नाम लिया जाता है। जो बिना नागा मौसम के प्रतिकूल परिस्थितियों में भी वैकल्पिक संसाधन से हर साल धान की अच्छी पैदावार कर लेते हैं। बाकी जगहों में सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन नहीं होने की वजह से मैदानी इलाकों में धान की खेती करने की हिम्मत किसान नहीं जुटा पाता है।

**वैकल्पिक संसाधन से किसानों ने बिचड़ों को हराभरा रखा**



### कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना

**पांकी।** पांकी प्रखंड के मंझौली से सावन के पावन महीने के अवसर पर शुक्रवार को युवा कांवरिया संघ दर्जनों कांवरिया का जत्था मां भद्रकाली इटखोरी में दर्शन कर देवघर के लिए रवाना हुएं। इस दौरान माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। युवा कांवरिया संघ के सदस्य पप्पू कुमार यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कांवरियों का जत्था देवघर के लिए निकल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी कांवरिया बम सुलतानगंज में उत्तर वाहिनी गंगा से जल भरकर पांव 105 किलोमीटर पैदल देवघर जायेंगे। जिसके बाद बाबा बासुकीनाथ में पूजा अर्चना करने सहित कई मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगे। कांवरियां संघ अजीत कुमार गुप्ता, बंटी सिंह, प्रकाश चौरसिया, चंदन गुप्ता, हेमंत यादव, सोनू यादव, शुभम यादव, जगदम्बी यादव, काजू गुप्ता, नरेश यादव सहित कई कांवरिया बम शामिल थे।

**बीटीएम ने किसान मित्रों के साथ की बैठक**

# किसानों की आय दोगुनी करने को लेकर शिविर का आयोजन किया



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के एग्रिक्लीनिक सेंटर में बीटीएम जयगोविंद यादव की अध्यक्षता में किसान मित्रों की बैठक हुई। बैठक में किसानों के लिए महत्वकांक्षी योजना किसान समृद्धि योजना व झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बीटीएम यादव ने बताया कि किसान समृद्धि योजना अंतर्गत किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर शौर्य ऊर्जा चलित 2 एचपी व 5 एचपी का पंप सेट मुहैया कराना है। 2 एचपी पंप व्यक्तिगत किसान को व 5 एचपी का पेंपिंग सेट एफपीओ, पैक्स, समूह के सदस्य को देने का प्रावधान है। ताकि किसान सिंचाई के मामले में आत्म निर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना अंतर्गत मडुआ, ज्वार, बाजरा, कंगनी, सांवा, कोदो, कुटकी, चाना आदि की खेती करने वाले किसानों को 3000 रुपये प्रति एकड़ सरकार डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराएगी। उन्होंने किसान मित्रों को बताया कि वह किसान भाइयों से उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित व जागरूक करें। उन्हें यह भी बताएं कि इससे उनकी आय दुगुनी हो सकती है। इस बैठक में किसान मित्र संघ के अध्यक्ष कृष्णा बैठा, किसान मित्र लव सिंह, राजकुमार पाल, राजकुमार यादव, दिलीप रवि, मधुसूदन पाठक, अरुण वैद्य, सुनील पाठक, उमेश यादव, रामबली यादव, सतेंद्र सिंह, विनय यादव, मदन गुप्ता, राजीव रंजन सिंह, राजेंद्र सिंह, कन्हैया राम, विश्वनाथ सिंह, अरुण सिंह, रामगति मेहता, सुजीत मेहता, विजय ठाकुर आदि मौजूद थे।

# अजहर अली उर्फ चिंटू खान बने राजद जिला उपाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** भाई बिगहा निवासी अजहर अली उर्फ चिंटू खान को राष्ट्रीय जनता दल के जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। हुसैनाबाद के पूर्व विधायक एवं राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने बधाई दी है। कहा कि अजहर अली पार्टी के संगठन विस्तार में विशेष भूमिका निभाएंगे। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में इनके नेतृत्व में पार्टी को मजबूती और जीत सुनिश्चित होगी। अजहर अली ने जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किए जाने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह अंक लिए गर्व का क्षण है। राजद के सभी वरीय पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया है। जिन्होंने उन पर विश्वास जताया है। इस जिम्मेदारी का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन कर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार पासवान का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने उनके ऊपर यह सौंपी है। अजहर अली ने कहा कि मेरा उद्देश्य है कि राजद की जड़ें और भी गहरी हो और संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो। इस पद पर मनोनीत किए जाने के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। कई प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। जिनमें उमेश गुप्ता और प्रखंड अध्यक्ष रिजवान खान प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर विश्वास जताया कि अजहर अली के नेतृत्व में पार्टी को नए आयाम मिलेंगे और राजद की विचारधारा को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त होगा।



## न्यूज बॉक्स

### सूर्या सिंह ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का किया विरोध



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार मानवीयता के खिलाफ हैं, और इसके बावजूद दुनिया इस मुद्दे पर मौन है। उन्होंने भारत के विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जहां वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है, वहीं बांग्लादेशी हिंदुओं के प्रति हो रहे धार्मिक उत्पीड़न पर किसी ने अब तक एक शब्द तक नहीं कहा है। सूर्या सिंह ने आगे कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं को सुरक्षा और सम्मान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और भारत सरकार को तत्काल कदम उठाने चाहिए। उन्होंने इस मामले में सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की, जिससे बांग्लादेश में हिंदुओं को राहत मिल सके। सूर्या सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस मुद्दे पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है और हिन्दुज आर नॉट सेफ इन बांग्लादेश जैसे हैशटैग का उपयोग करते हुए बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की है। उनके इस बयान के बाद हुसैनाबाद क्षेत्र के लोगों में भी इस मुद्दे को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

### एमकेडी स्कूल के तीन बच्चों का एकलव्य विद्यालय में चयन



**पांकी।** पांकी प्रखंड के एमकेडी आवासीय विद्यालय पांकी के तीन विद्यार्थियों का एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। वर्ष 2024 के चयन परीक्षा में एमकेडी आवासीय विद्यालय पांकी के पांच बच्चों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। जिसमें से तीन बच्चे चयनित होने में सफल रहे। चयनित बच्चों में दिलीप कुमार, पिता उदय सिंह, घर गोईंदी थाना तरहसी के पलामू में तीसरा स्थान प्रपात किया है। रितेश कुमार, पिता स्वर्गीय किसवरी सिंह, घर सेरंगदाग थाना हेरंज, प्रमोद कुमार, पिता ललू सिंह, हेरंज के रहने वाला है। एमकेडी आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौतम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हेतु बच्चों का चयन हो रहा है। बच्चों के चयन होने पर एमकेडी आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौतम कुमार एवं माता-पिता सहित समस्त ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामन दी है।

### प्रदीप बने हैदरनगर भाजपा के मंडल अध्यक्ष



**हैदरनगर।** हैदरनगर के सरगाड़ा निवासी व भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता प्रदीप कुमार सिंह को भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर हैदरनगर भाजपा परिवार में उत्साह का माहौल है। प्रदीप कुमार सिंह ने जिला अध्यक्ष अमित तिवारी सहित सभी वरीय भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा। कि इस जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने और पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। पार्टी के हर कार्यकर्ता के सहयोग से भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने और क्षेत्र में पार्टी की उपस्थिति को और भी प्रभावी बनाने काम भी किया जायेगा। पार्टी नेता विनोद कुमार सिंह ने उनके मनोनयन का स्वागत किया है। प्रदीप कुमार सिंह के मंडल अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के प्रमुख भाजपा नेताओं और कार्यकताओं में मुखिया संतोष कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश चंद शिव व डॉ. अजय जयसवाल, सरयू गुप्ता, पिंटू सोनी, शिव कुमार, विवेक कुमार सिंह सहित कई अन्य ने भी नई जिम्मेदारी को बखूबी निभाने की अपेक्षा की है।

### ऑल इण्डिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन की बैठक, बच्चों को शिक्षा की तालीम देने पर जोर



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद मिडिल स्कूल परिसर में ऑल इण्डिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन की हुसैनाबाद इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक रियासती सदर प्रो. जनाब जावेद अहमद अंसारी साहब की अध्यक्षता में हुई। इसमें सेन्ट्रल सेक्रेटरी जनाब खालिद एकबाल साहब भी मौजूद थे। संचालन स्टेट एडवाइजरी काउंसिल के मेंबर मो. जुबैर अंसारी ने किया। खालिद एकबाल ने कहा कि आइटा शिक्षकों की एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है। इसमें शिक्षकों के पेशेवराना दक्षता को बढ़ाने के लिए सेमिनार, सिम्पोजियम व प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करती है। छात्र शिक्षक के बीच रिश्तों को दोस्ताना बनाने पर जोर देती है। रियासती सदर ने कहा विद्यालयों का शैक्षणिक माहौल बेहतर हो, शिक्षकों के बीच समन्वय अच्छा हो व शिक्षक विषयों की पूरी तैयारी के साथ बच्चों को शिक्षा की तालीम दें, तो बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही छात्रों में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने की जिम्मेदारी भी शिक्षकों की है। शिक्षक राष्ट्र निमार्ता ही नहीं बल्कि पूरी इन्सानियत का पथ-प्रदर्शक होता है। महबूब आलम ने उच्च विद्यालयों में उर्दू की किताबों की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया। इस पर जवाब दिया गया कि अधिकारियों से इस संबंध में बात की जाएगी। मौके पर शमीम कोरैशी, इम्तेयाज अहमद, मतीन अहमद, इजहार आलम, जफीरूद्दीन, मौलाना अब्दूस्सलाम आदि मौजूद थे।

# कोसियारा स्टेशन पर नहीं बना फुट ओवरब्रिज, जोखिम उठाते हैं यात्री

**मालगाड़ी खड़ी रहने पर उठानी पड़ती है जोखिम**





नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** कोसियारा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा नहीं किया जा सका है। ऐसे में यात्रियों को जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन क्रॉस करनी पड़ती है। यात्रियों का कहना है कि अक्सर यात्री ट्रेन के समय पर ही दूसरी लाइन में मालगाड़ी खड़ी कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में फुट ओवरब्रिज की कमी से दूसरी लाइन पर मालगाड़ी खड़ी करने से यात्रियों को यात्री ट्रेन तक पहुंचने में जान जोखिम में उठानी पड़ती है। खासकर वृद्ध और महिलाओं को ज्यादा परेशानी होती है। वैसे भी फुट ओवरब्रिज के प्लेटफॉर्म टू प्लेटफॉर्म निर्माण होने से उत्तर-दक्षिण और पश्चिम दिशा के गांवों से स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचने वाले यात्रियों को मालगाड़ियों के खड़ी रहने अथवा गुजरने के दौरान रेल पटरी पार करने में हमेशा जोखिम उठाने की विवशता बनी रहेगी। ऐसे में यात्रियों ने उक्त दिशा से प्लेटफॉर्म पर पहुंचने के लिए बाहर तक फुट ओवरब्रिज का निर्माण जरूरी बताया है। यात्रियों ने इसके साथ ही कहा कि धूप और बारिश से बचाव के लिए वृहदाकार शेड निर्माण की भी जरूरत है।

**विश्रामपुर सीएचसी में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन पखवाड़ा कार्यक्रम 25 अगस्त तक**

# फाइलेरिया तेजी से फैलने वाला बीमारी बचाव ही उपाय : डॉ. राजेंद्र कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दस अगस्त से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन पखवाड़ा मनाया जायेगा। इसके तहत शनिवार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ स्थापित किया गया है। बूथों पर लोगों को आईडीएसी दावा खिलाई जायेगी। 11 अगस्त से प्रत्येक घर जाकर सभी को दावा दी जायेगी। इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरियां उन्मूलन पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए 275 टीम गठित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, अनुबंधित स्वास्थ कर्मी को रखा गया है। इसके अलावा विश्रामपुर, पांडू, उंटारी व नावा बाजार प्रखंड के लिए चार आरआरटी टीम का भी गठन किया गया है। जिसके प्रमुख चिकित्सा पदाधिकारी रहेंगे। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि फाइलेरिया तेजी से फैलने वाला बीमारी है। बचाव ही इसका सबसे कारगर उपाय है। इसलिए उपचार के अलावा फलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग से पीड़ित मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त जो भी पब्लिक अपने निजी वाहन से मरीज को सीएचसी तक पहुंचायेगा उनकी गाड़ी में पेट्रोल अपने निजी खर्च से भरवा देंगे। मौके पर विनोद तिवारी, विनोद तिवारी,पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।



# पंसा, भजनियां में पारंपरिक उल्लास के साथ नागदेवता की पूजा, उमड़ी भीड़

**पर्व त्योहार आपसी मिल्लत का महत्वपूर्ण अवसर : अश्विनी**



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को नागपंचमी पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पंसा में नागेश्वर रूपधारी शिवलिंग की पूजा अर्चना के साथ लावा मिश्रित दुग्धाभिषेक जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह सहित अन्य कई ग्रामीणों ने किया। मौके पर पुजारी भरत सिंह भी मौजूद थे। समाज सेवी ने कहा कि पर्व त्योहार धार्मिक और सामाजिक मिल्लत का महत्वपूर्ण अवसर होता है। इससे भावी पीढ़ी को मिल जुलकर रहने की प्रेरणा मिलती है। कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ में भजनियां पोटो गांव के पास स्थित नागबाबा मंदिर में नागपंचमी पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पुजारी मिंटू शर्मा के सान्निध्य में नागदेवता को दूध लावा अर्पित करने और ध्वजा चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मौके पर इस साल भी मेला लगा। जिसका भी श्रद्धालुओं ने लुत्फ उठाया। गुरुवार को नागपंचमी पर पूजा अर्चना को लेकर परंपरागत तरीके से कलश यात्रा निकाली गई थी। इसमें भी पूरे श्रद्धा, उत्साह और गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों की संख्या में शामिल नर-नारी श्रद्धालुओं ने मुख्य पथ से भजनियां के देवी मंदिर व शिव मंदिर होते काशीस्त्रोत-कोयल नदी के संगम तट पर पहुंचकर जलभरी किया। वहां पंडित ध्रुव पांडेय ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जलभरी कराया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने वापस पहुंच नागबाबा मंदिर परिसर में कलश स्थापित किए। इसमें मुख्य यजमान पुजारी मिंटू शर्मा सपत्नीक के अलावा रीना देवी,किरण देवी सहित काफी संख्या में श्रद्धालू शामिल थे। इस दौरान जयकारे से वातावरण गूंजायमान होता रहा। बताते चलें कि वहां कई वर्षों से नागपंचमी पर पारंपरिक तरीके से नाग-नागिन की पूजा अर्चना के साथ ही मेले का आयोजन किया जाता है। अब तो श्रद्धालुओं के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण भी अंतिम चरण में है। इसके निर्माण में बड़ा योगदान मोहम्मदगंज के अरुण कुमार सिंह-रीना सिंह दंपत्ति का भी बताया जाता है। इस प्रकार आसपास के मंदिरों की शृंखला में आस्था व आकर्षण का एक और बड़ा केंद्र शामिल हो जाएगा।

# कधवन बक्स बाबा धाम पर लगा भव्य वार्षिक मेला, उमड़े श्रद्धालु

- सुबह से ही शुरू हो गई थी पूजा अर्चना, भजन कीर्तन व भंडारे का भी आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत कधवन गांव स्थित बक्स बाबा धाम पर नागपंचमी के दिन भव्य वार्षिक मेला लगा। मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया था। जो सारा दिन चलता रहा। मंदिर का परिक्रमा कर श्रद्धालु नाग बाबा को दूध व लावा का भोग लगवाते रहे। बक्स बाबा और लक्ष्मणिया फुआ के जयकारे से पूरा धाम परिसर गुंजमान रहा। आयोजन कमेटी द्वारा धाम परिसर में भजन कीर्तन और भंडारा के अलावा कई तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। वरीय समाज सेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद,डेंटल कॉलेज के चेयरपर्सन दिनेश प्रसाद सिंह,कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ दाऊ मिश्रा सहित कई दिग्गज मेला में पहुंचे। सबने बक्स बाबा की विशेष पूजा अर्चना की। बक्स बाबा धाम के पुजारी मथुरा पाठक ने बताया कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से नाग बाबा की पूजा कर मनोकामना मांगते हैं वह अवश्य पूर्ण होता है। मेला के सफल आयोजन में भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह,प्रवीन सिंह, रामकुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, ओमकार सिंह, अखिलेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जयनंदन सिंह, अनूप सिंह, अनिल सिंह, पिंटू सिंह, धनवंत सिंह, धीरेंद्र सिंह धीरू, कारू सिंह सहित कई लोगों का अहम योगदान रहा।



### आस्था का प्रतीक है बक्स बाबा धाम

कधवन का बक्स बाबा धाम स्थानीय लोगो के आस्था के प्रतीक है। बक्स बाबा धाम में नाग बाब का मंदिर है। मान्यता है कि किसी भी विषैले जीव-जंतु के काटने के बाद यहां आकर पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति ठीक हो जाता है। यहां प्रत्येक वर्ष नागपंचमी के अवसर पर वार्षिक मेला लगता है। इस मेला में दूर-दूर से श्रद्धालु आते है। नाग पंचमी के दिन आस-पास के दर्जनों गांव के लोग नमक का सेवन नहीं करते हैं। नाग पंचमी के दिन लोग सिर्फ मीठा भोजन व फल खाते है। बक्स बाबा को मानने वालो में हिन्दू ही नही आस-पास गांव के मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल है। नाग बाबा पर सिर्फ दूध व लावा चढ़ाया जाता है। जिनकी मन्नत पूरी होती है वे मंदिर परिसर में भगवा झंडा लगाते है।

# पानीपुरी के लिए लड़कियों के बीच मारपीट, पहले बहस हुई, फिर हाथापाई

## धक्का-मुक्की के बाद मारपीट शुरू, आस पास के लोगों ने बीच बचाव किया



### अपशब्द बोलने के बाद मारपीट शुरू

वीडियो में लड़कियां पानीपुरी के ठेला पर जमकर हंगामा करते हुए एक दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करते हुए दिखाई दे रहीं हैं। इस घटना में जो कुछ हुआ वह एक सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। जानकारी के मुताबिक पानीपुरी के ठेले के पास कुछ लड़कियां पानीपुरी खाने आई थी। वहीं लड़कियों के एक समूह की लड़की दूसरे समूह की लड़कियों को देखकर हंस दी। इसके बाद एक दूसरे को अपशब्द बोलते हुए दोनों ग्रुप की लड़कियों ने आपस में लात घूसा चलाना शुरू कर दिया।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सुरेश सिंह चौक पर पानीपुरी खाने के दौरान आधा दर्जन लड़कियों के बीच आपस में मारपीट होने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वारल होने के बाद शहर में पूरे दिन चर्चा बना रहा। इस मारपीट की घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद यह घटना खूब चर्चा में है। बताते चले कि 2 वर्ष पूर्व भी डिजनी लैंड मेला में सावन के महीने में लड़कियों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इन घटनाओं से ऐसा प्रतीत होता है कि हमारा समाज काफी हद तक असंवेदनशील होता जा रहा है। शायद लड़कियां हर मामले में लड़कों से बराबरी करने को आतुर हैं। गाहे बगाहे पूर्व में लड़कों के बीच में होने वाले मारपीट लड़कियों के बीच इस प्रकार घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। पानीपुरी वाला ठेला की माने तो वह पानीपुरी के लिए मसाला तैयार कर रहा था। तभी अचानक लड़कियों के बीच कहा-सुनी शुरू हो गई। इस घटना के बाद आस पास के लोगों की डांट डपट और बीच बचाव के बाद लड़कियां अपने घर के तरफ भाग गई।

## एक नजर

### शहर के मुख्य सड़कों पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** छहमुहान चौक और कचहरी चौक पर शुक्रवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया वाहन, दोपहिया वाहन का जांच किया गया। दो पहिया वाहन के गाड़ियों के चालक बगैर हेलमेट व बिना लाइसेंस तथा ट्रिपल लोड गाड़ी चला रहे थे। पकड़े गए सभी वाहनों को सुरक्षार्थ शहर थाना में रखा गया है। 11 मोटरसाइकिल को सीजीएम कार्यालय, 7 मोटरसाइकिल, 5 ई रिक्शा, टेंपो, एक कार को परिवहन कार्यालय में फाइन के लिए भेजा गया है। परिवहन कार्यालय से 3 ई रिक्शा का फाईन राशि 4 हजार 800 सौ रुपये, एक कार का 11 हजार 50 रुपये, 2 मोटरसाइकिल गाड़ी का चालान फाइन राशि 3 हजार रुपया वसूला गया है। टोटल चलान फाईन के रूप में 8 हजार 950 रुपया वसूला गया।

# चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के चियांकी हवाई अड्डा के पास चोरी के डिस्कवर बाइक के साथ तीन चोर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के क्रम में तीनों ने बाइक चोरी की घटना में अपनी संलिप्ता को स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी में चिंयाकी थाना के संजय सिंह के 16 वर्षीय पुत्र अनोज सिंह उर्फ सुघर सिंह, चिंयाकी मुखिया टोला के राजेश्वर राम के 16 वर्षीय पुत्र दीपक नारायण कुमार, चिंयाकी मुखिया टोला के चंदू राम के 14 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के नाम शामिल हैं। शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार ने बताया कि रांची रोड़ रेड़मा निवासी नीतेश विश्वकर्मा ने सात अगस्त को बाइक चोरी का मामला शहर थाना में दर्ज कराया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की तीन बाइक चोर चोरी की बाइक से रेड़मा चिंयाकी की ओर जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद हवाई अड्डा के पास तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में तीनों ने बताया कि सदर थाना के ग्राम गनके में 13 जुलाई को पैशन प्रो बाइक की चोरी किए थे। उक्त बाइक को मुरमा सतबरवा में छोटू सिंह को रखने को दिया है। 18 जुलाई को सतबरवा के ग्राम ठेमा में लाल पैशन प्रो बाइक चोरी किया गया था। उस बाइक से गढ़वा घूमने गए थे। इस क्रम में गढ़वा शहर थाना के पास वाहन चेकिंग देख कर बाइक वहीं छोड़ कर भाग गए। वह बाइक गढ़वा थाना में लगा है।

### अपराधियों ने की अपनी संलिप्तता स्वीकार



मेदिनीनगर चैनपुर थाना पुलिस ने छिनतई के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों अपराधियों में ग्राम हरना थाना पांकी निवासी लालदीप सिंह के 22 वर्षीय पुत्र पंचम कुमार, अनिरूद्ध सिंह के पुत्र 22 वर्षीय सुभाष देव कुमार सिंह, अप्राथमिक अभियुक्त सुमित कुमार उर्फ बिट्टू ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने छापामारी के क्रम में सुभाष कुमार देव सिंह के घर से छिनतई के 53 हजार 400 रुपये, दो गाड़ी, रूम का चाबी, घटना में उपायोग किया गया तीन मोबाइल बरामद किया है।

# प्रत्येक रविवार को मरीजों का होगा नि:शुल्क इलाज : डॉ. विनोद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** महावीर स्वास्थ्य संस्थान के अंतर्गत संचालित प्रखंड के कौआखोह पिरोजी एनएच 139 रोड़ स्थित डॉ. विनोद इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में प्रत्येक रविवार को निःशुल्क इलाज किया जाएगा। उक्त बात कि जानकारी संस्थान के डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार ने दी है। उन्होंने कहा प्रत्येक रविवार को उनके संस्थान में विभिन्न रोगों का इलाज निःशुल्क किया जाएगा। इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सकों के लिए सुनहरा अवसर है। सीएमएसडी कोर्स के तहत दो साल का कोर्स कर अपना भविष्य संवार सकते हैं। संस्थान में एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग में नामांकन भी जारी है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के मैट्रिक एवं इंटर के छात्र-छात्राओं के लिए यह सुनहरा अवसर है। डी फार्मा दो वर्ष का डिप्लोमा इन फामेर्सी की भी व्यवस्था है। साथ ही आयुष्मान भारत के तहत हर तरह के बीमारियों का इलाज की भी व्यवस्था किया गया है। मौके पर डॉ. मनोज कुमार, राजकुमार गौतम आदि मौजूद थें।



### भगवान शिव सभी को सुख समृद्धि दें: ब्रह्मदेव प्रसाद

**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड के कधवन बक्श बाबा के प्रांगण में खीर और शुद्ध जल के साथ भक्तों के बीच प्रसाद बांटा। केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि इस नाग पंचमी उत्सव और आध्यात्मिक से भरा होना चाहिए। दिव्य पर्व को आनंद और भक्ति के साथ मनाने के जरूरत है। भगवान शिव सभी को सुख और समृद्धि प्रदान करें। महादेव के आशीर्वाद से दु:ख और परेशानियां दूर हो। उम्मीद है कि नाग पंचमी जीवन में प्रकाश, खुशी, समृद्धि लाएगी। साथ ही बुरी ऊर्जा से बचाए। मौके पर राहुल गुप्ता, रामराज राम, नंददेव यादव, सुकून साहू ,महेंद्र प्रसाद, विश्वनाथ राम व अन्य उपस्थित थे।

# मनरेगा कर्मियों का समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थायीकरण व वेतनमान की मांग को लेकर पलामू जिला सहित राज्य भर के मनरेगा कर्मी लगातार 19 वें दिन समाहरणालय के समक्ष धरना पर बैठे रहे। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि मनरेगा कर्मी पिछले डेढ़ माह से अपने मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार के तरफ से किसी तरह की कोई पहल नहीं किया गया है। इसलिए बाध्य होकर राज्य भर के मनरेगा कर्मी हड़ताल पर हैं। मनरेगा कर्मियों ने समाहरणालय के समक्ष सरकार के वादा खिलाफी से नाराज व आक्रोशित होकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मियों ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। तब तक हड़ताल से वापस नहीं आएंगे, जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती हैं। प्रदेश संरक्षक देवेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो जो मुहिम छेड़ी है उसे और भी तेज और धारदार करेंगे। पूरे राज्य में मनरेगा का काम ठप कर दिया जाएगा। जिससे बिरसा हरित ग्राम योजना, आम बागवानी, बिरसा सिंचाई कूप, संवर्धन योजना, अबुआ आवास योजना का काम रुक जाएगा। जिला कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी करने का वादा करके उनके एवं उनके परिवारजनों का वोट पाया और सत्ता पर आसीन हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मनरेगा कर्मियों को स्थायीकरण और वेतनमान का वचन दिया था। लेकिन सरकार अपने वादे पर खरा नहीं उतर रही है। मौके पर विकास पाण्डेय, रामाकांत तिवारी, नारद यादव, अमन कुमार, अभय दुबे, धर्मेन्द्र कुमार, पप्पू कुमार, रुपेश कुमार, अभिमन्यु सिंह, गुलाम सरवर, रामलाल यादव, संजीव सिंह, पवन सिंह, पुरुषोत्तम गुप्ता, अविनाश कुमार सहित सैकड़ो मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### पर्यावरणविद ने किया निशुल्क पौधा वितरण

# किसानों को वृक्ष खेती करने से आर्थिक स्थिति होगी सुदृढ़: कौशल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद डॉ. कौशल किशोर जायसवाल व पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के बाद पौधा दान कर पौधा वितरण शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी व प्रदूषण से जान बचाना है तो दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ. कौशल ने कहा इस जन्म भूमि से उन्होंने निःशुल्क पौधा वितरण व रोपन की शुरूआत किया था। उसका आज 58 बर्ष और पर्यावरण धर्म व बनराखी मूवमेंट के 48 वर्ष पूरा हो गया। उस क्रम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति आज शिविर में उपस्थित नहीं हुए हैं वह दूसरे दिन भी डाली के कौशल नगर बाजार और डालटनगंज के बाईपास रोड केपीजे कॉम्प्लेक्स के पीछे पर्यावरण भवन से निःशुल्क पौधा प्राप्त किया जा सकता है। वितरण के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधा पर्याप्त उपलब्ध है। वनरखी मूवमेंट के डॉ कौशल ने कहा कि किसान वृक्ष खेती करें, क्योंकि वृक्ष खेती को अकाल सुखाड़ का भय नहीं होता और किसानों को फिक्स डिपॉजिट के समान उससे लाभ मिलता हैं। डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण पौधा लगाकर अपने बच्चों की तरह देखभाल करें, इससे स्वयं एवं आने वाला पीढ़ी को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का समापन पौधों पर रक्षाबंधन कर किया गया। मौके पर उप मुखिया नगीना खातून, सुचित कुमार जायसवाल, पूर्व मुखिया अफजाल अंसारी, रामजी प्रसाद, विनोद यादव, लक्ष्मण राम, मुस्ताक अंसारी, करीमन अंसारी, आदित्य राम, चंद्रदेव सिंह, राजेंद्र शाव ताहिर अंसारी इस्माइल अंसारी काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित है।



### सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का झारखंडी विद्यार्थियों की जीत : कमलेश

**मेदिनीनगर ।** झारखंड अंगिभूत महाविद्यालय इंटरमीडिएट शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पाण्डेय ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए झारखंड के गरीब, दलित विद्यार्थियों की जीत बताया है। उन्होंने कहा की उच्च न्यायालय ने ही रांची विश्वविद्यालय के अंगिभूत महाविद्यालय में नामांकन पर लगी रोक हटाने का आदेश दिया था। उसके खिलाफ रांची विश्वविद्यालय सर्वोच्च न्यायालय गई थी, जहां सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए नामांकन का आदेश दिया । सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का झारखंड अंगिभूत महाविद्यालय इंटरमीडिएट शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा स्वागत करती है।

## आस्था

### चैनपुर में विराट नाग पंचमी पूजा महोत्सव का आयोजन

# नाग देवता की कृपा सभी लोगों पर बनी रहे: अरुणा शंकर

**नागपंचमी का दिन सनातन पद्धति में अति शुभ माना गया है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नाग पंचमी पूजा के शुभ अवसर पर शुक्रवार को ग्राम बोकेया प्रखंड चैनपुर में विराट नाग पंचमी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर अरुणा शंकर, विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह उपस्थित थे। तीनों ने मिलकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर अरूणा शंकर ने नाग पंचमी पूजा के अवसर पर सभी को बधाई दी। अरुणा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बोकेया का नाग पंचमी उत्सव पूरे पलामू में लोकप्रिय है। नागपंचमी का दिन सनातन पद्धति में अति शुभ माना गया है। शास्त्रों के अनुसार नागों को लोग भक्त भगवान के रूप में पूजते है। मैं इस नागपंचमी पर आप सभी नाग देवता की कृपा बनी रहे ऐसी कामना करती हूं। मंच संचालन ब्रह्मदेव चौधरी ने किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलाल चौरसिया, पूर्व जिला परिषद संतु चौरसिया, पथरिया पंचायत मुखिया रानी सिंह, नाग पंचमी समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी, कोषाध्यक्ष मुनि चौधरी, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, श्वेतांग गर्ग, मंडल उपाध्यक्ष ईश्वर चंद, आशीष भारद्वाज, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, चैनपुर प्रखंड के गांव के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।




### पदमा में खुला विदेश सिंह पेट्रोलियम पंप

**नीलांबर पीतांबरपुर।** मनातू-गया मुख्य पथ पर पदमा विदेश नगर चौक के समीप शुक्रवार को विदेश सिंह पेट्रोलियम सर्विसेस पेट्रोल पंप का पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने विधिवत पूजा कर फीता काट कर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इस पेट्रोल पंप के खुलने से आस पास के लोगों को काफी सुविधा होगी। सही मानक एवं गुणवत्ता के साथ ग्राहकों को बेहतर सुविधा दी जाएगी। अब पेट्रोल और डीजल देने के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। उद्घाटन समारोह में उदय सिंह, मिथलेश सिंह,मनोज सिंह, पंकज कुमार सिंह,अमित सिंह, निखिल सिंह, बबलू सिंह, राकेश सिंह, आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### चार वारंटी न्यायिक हिरासत में, भेजे गए

**नौडीहा बाजार।** प्रखण्ड के थाना अंतर्गत चार वारंटियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उनमें अफताभ अंसारी, फारुख अंसारी ग्राम पंचायत शाहपुर, नागेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा को भेजा गया। बता दे कि नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार दिवेदी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर चलाए जा रहे समकालीन अभियान द्वारा इन चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चारों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था।

### आजीविका के संदर्भ में ज्ञान होना मील का पत्थर साबित होगा: प्राचार्य



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा शुक्रवार को कैरियर फेस्ट (आजीविका उत्सव) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कक्षा 11 वीं के छात्रों द्वारा 10 वीं व 12 वीं उत्तीर्ण होने के उपरान्त पढ़े जाने वाले विषय व आजीविका संबंधी विविध विषयों के चयन संबंधी संपूर्ण जानकारी दी गई। विज्ञान संकाय को लेकर जीव वैज्ञानिक, चिकित्सक, भौतिक वैज्ञानिक, ऊर्जा वैज्ञानिक, राष्ट्रीय सुरक्षा रक्षक, जनसेवक जैसे पदों में भविष्य के निर्माण की संभावना अत्यधिक है। गणित विषय के साथ अर्थशास्त्री, सांख्यिकी विशेषज्ञ, अनुप्रयुक्त विशेषज्ञ, गणित, वैदिक गणित विशेषज्ञ, जैसे पदों में भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। वाणिज्य संकाय के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट, कम्पनी सेक्रेटरी, वकील, अर्थशास्त्री, मैनेजर जैसे पदों में भविष्य निर्माण करते हैं। कला संकाय के साथ आईएएस, आईपीएस, संगणक, वकालत आदि पदों में भविष्य के निर्माण की संभावना है। खेलकूद में खेल प्रशिक्षक के साथ-साथ रेल, परिवहन आदि क्षेत्रों में भविष्य निर्माण संभव है। इस आयोजन को देखकर आठवीं से 12 वीं तक के छात्रों द्वारा लाभ लिया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने 11 वीं के छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम (कैरियर फेस्ट) द्वारा छात्रों को समय पूर्व विषय व आजीविका के संदर्भ में ज्ञान होना मील का पत्थर साबित होगा। उच्चतर माध्यमिक तक अध्ययन करने के उपरांत भी छात्रों को महाविद्यालय में लिए जाने वाले विषयों के बारे में पूर्व ज्ञान न होने से दिग्भ्रमित रहते हैं। प्रतिशत व रुचि के अनुरुप छात्र पूर्व निर्धारित लक्ष्यों के बारे में विदित रहता है तो पसंदीदा विषय पर सजग रहते हैं और भविष्य सुनिश्चित रहता है। ऐसा आयोजन बच्चों में सक्रियता व ऊर्जा दोनों का संचार करती है।

### 11 को होने वाली परीक्षा स्थगित

**मेदिनीनगर।** पलामू केअसैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 04/2023 के आलोक में 11 अगस्त को होने वाली परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा की अगली तिथि की घोषणा होने पर सूचित कर दिया जायेगा।

### जल जंगल जमीन की बात करने वाले हेमंत भय भूख और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने मे लगे हैं: पाठक

**विश्रामपुर।** वरीय भाजपा नेता बिजेंद्र पाठक ने कहा कि जल जंगल जमीन की बात करने वाले हेमंत सोरेन भय भूख और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में पांच साल गुजार दिए। इनके कार्यकाल में अपराधी व उग्रवादी बेलगाम रहें। बेरोजगारी, पलायन से राज्य में अराजक स्थिति उत्पन्न हो गई है। विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें नकारते हुए भाजपा को अपना समर्थन देगी और झारखंड में भाजपा की अगली सरकार बनेगी। श्री पाठक शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के बाद गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय के विश्रामपुर आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का यह आलम है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सहित इनके कई अधिकारी जेल चले गए। हेमंत ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया। चुनाव आते ही और कई नारा, वादा लेकर जनता को बरगलाने का कार्य शुरू कर दिया, लेकिन झारखंड की जनता इनका असली चरित्र जान चुकी है। अब किसी बहकावे में नहीं आने वाली है। मौके पर भाजपा के पूर्व गढ़वा जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी,रवींद्र नाथ उपाध्याय,पंकज कुमार लाल सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

### आइसा ने 34 वां स्थापना दिवस मनाया



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड स्थित मलय डैम के मैदान में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन का 34 वां स्थापना दिवस और विश्व आदिवासी दिवस मनाया। कार्यक्रम में आदिवासी शहीद क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्य कमेटी सदस्य सह एनपीयू प्रभारी अभय सिंह ने कहा कि आइसा आज अपना 34वां वर्ष संघर्ष की पूरी कर रहा है। आइसा का गठन 9 अगस्त 1990 को हुआ था। तब से अब तक आइसा छात्रों का बुलंद आवाज के रूप में अपना पहचान कायम की है। झारखंड में आइसा लगातार छात्रवृति,फीस बढ़ोतरी और तमाम शैक्षिण व्यवस्था में लापरवाही के खिलाफ व सस्ती और गुणवतापूर्ण शिक्षा के लिए संघर्ष कर सबसे बड़े क्रांतिकारी संगठन के रूप में पहचान बनाई है। कार्यक्रम में बेहतर और गुणवतापूर्ण शिक्षा के संघर्ष पर चर्चा की गई। झारखंड के उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि आदिवासी पुरखों के विरासत को बचाना है। सत्ता में बैठे लोग धीरे-धीरे सब कुछ बेच देंगे। जिस जल,जंगल, जमीन को आदिवासियों ने बचा कर रखा आज सरकार उन से छीनकर पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। आदिवासी प्राकृतिक पूजक होते है वो हमेशा से जंगल और खनिज संपदा को संरक्षित कर रहे हैं, लेकिन आज इन्हे बेदखल किया जा रहा है। मणिपुर की घटना झकझोर देने वाली है। जहां एक आदिवासी महिला को निर्वस्त्र करके सरेआम बाजार में जुलूस निकाला जाता है, लेकिन केंद्र सरकार पूरी तरह से मौन रही। शिक्षा की वही हालात है। स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक नही है। विश्वविद्यालय का नियमित सत्र नही है। आरती कुमारी ने कहा सतबरवा में लगातार आदिवासियों के साथ दोहन हो रहा है। हर जगह पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। सर्वोदय स्कूल में 300 रुपया प्रति छात्र पैसा लेकर सौ रुपए की रशीद दी जा रही है। पर्याप्त शिक्षक नही है। पानी और शौचालय की व्यवस्था नहीं है। रामसहाय कुमार ने कहा सरकार लगातार आदिवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। फोर लेन में सबसे ज्यादा जमीन आदिवासियों का जा रहा है, लेकिन मुआवजा राशि में भारी कटौती है। ये सब जानबूझकर किया जा रहा है, क्योंकि आदिवासी समाज में खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता नही है। मौके पर समीर, विक्रम, सिद्धार्थ,अनुपमा, ज्योति, प्रिंस, पंकज, बॉबी, संगीता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज

# पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पैनी नजर रख रही है**

नवीन मेल संवाददाता

**केतार (गढ़वा)।** केतार थाना पुलिस को गुरूवार की रात्रि में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी के नेतृत्व में बत्तों कला सूर्य मंदिर के समीप से पाचाडुमर गांव निवासी रामलाल मेहता को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। बंशीधर नगर एसडीपीओ सतेन्द्र नारायण सिंह ने शुक्रवार को केतार थाना में प्रेंस कान्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया की पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक पिस्टल लेकर बाइक से परती कूशवानी गांव के रास्ते खरौंधी थाना क्षेत्र की तरफ जा रहा था। पुलिस ने इसकी सत्यता की जांच व आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बत्तों कला सूर्य मंदिर के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाया। इस क्रम में बत्तों कला गांव की ओर से आ रहे बाइक सवार को रूकने का इशारा किया गया। बाईक सवार पुलिस को देखकर बाइक पिछे कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने बाईक सवार को दौड़ाकर पकड़ लिया। अवैध हथियार रखने के जुर्म में युवक पर प्राथमिकी दर्ज करत न्यायिक हिरासत गढ़वा में भेज दिया है। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने कहा की पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पैनी नजर रख रही है। उन्होंने बताया कि युवक हथियार कहा से लाया था इसकी पड़ताल करने में पुलिस जुट गई है। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी अरूण कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रौशन तिग्गा, एसआई अमरेन्द्र कुमार मौजूद थे।



**बिना लाइसेंसी हथियार था युवक के पास**

जांच केक्रम में युवक ने पुलिस को अपना पहचान रामलाल मेहता,ग्राम पाचाडुमर बताया। उसकी तलाशी के दौरान पुलिस को एक अवैध पिस्टल मिला। पुलिस ने जब्त पिस्टल की अनुज्ञप्ति की मांग करने पर युवक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। युवक ने पुलिस को बताया कि वह अपने शौक के लिए पिस्टल रखता है।

## नाग पंचमी पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अरसली महूरांव टोला स्थित नाग बाबा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कमेटी द्वारा भव्य पूजा-पाठ किया गया। वहां सैकड़ों महिला,पुरुष भक्तों ने नाग देव पर दूध, लावा,फल, फूल चढ़ाकर अपने व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए मनोकामनाएं मांगी। बताते चले कि भवनाथपुर प्रखंड के अंतर्गत यह इकलौता नाग देव का मंदिर है। जहां हर वर्ष प्रखंड क्षेत्र के दूर दराज से ग्रामीण आ कर पूजा पाठ करते है और आयोजित मेला में खाने पीने का आनन्द उठाते है। शाम को कमेटी द्वारा हवन कीर्तन के किया जाता है। यहां के मेला में खास बात यह है कि नाग पंचमी के दिन गांव के साथ आसपास के लोग 24 घंटे नमक का सेवन करना वर्जित रहता है। इसलिए यहां लगने वाले मेला में सभी खाने पीने के समान में नमक का उपयोग नही किया जाता है। प्रसाशन द्वारा लगने वाला भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोन से पुलिस बल भी तैनात किया जाता है, ताकि किसी प्रकार असमाजिक तत्वों या घटना दुर्घटना को रोक जा सके। पूजा को सफल बनाने में कमेटी के शंकर चन्द्रवंशी, शंभू सेठ, मिथलेश चौरसिया, सुधीर चौबे, प्रदीप गुप्ता, आत्मा विश्वकर्मा, महेंद्र राम, मनोज रजक, लखन मेहता, गुड्डू सिंह, सहित कई लोग शामिल है।

## यूटीआई का जागरूकता शिविर, दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** कावेरी रेस्टोरेंट में शुक्रवार को यूटीआई (यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया) के क्षेत्रीय रीजनल मैनेजर पार्थो रॉय, यूटीआई पलामू प्रमंडल के मैनेजर डिंबेश श्रीवस्ता एवं म्यूच्यूअल फण्ड वितरक पांडेय आलोक कुमार शर्मा द्वारा वित्तीय जागरूकता अभियान शिविर लगाया गया। जागरूकता अभियान के तहत लोगों को पैसे के जमा में होने वाले धोखाधड़ी की जानकारी दी गई। बताया गया किस तरह लोग जागरूकता व जानकरी के अभाव में अपनी कमाई को गंवा देते हैं। साथ ही यूटीआई म्यूचुअल फंड के बारे में बताया गया कि इसकी स्थापना 1963 में भारतीय संसद से पास यूटीआई एक्ट के तहत किया गया था। यूटीआई म्यूच्यूअल फण्ड देश के सबसे पुराना और अग्रणी म्यूच्यूअल फण्ड है, जिसकी स्थापना भारत सरकार के द्वारा किया गया था। जिसमें यूटीआई मास्टर शेयर, यूटीआई मिड कैप, यूटीआई मल्टी एसेट फण्ड आदि है। वहीं सिप, एसडब्लूपी, एसटीपी आदि की भी जानकारी दी गई। मौके पर शैलेश चौबे ने किया। जागरूकता शिविर में सुनील कुमार, दिलीप चौबे, कृष्णा दुबे आदि मौजूद थे।

## सड़क पर जल जमाव से राहगीरों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** सोनेहरा मुख्य सड़क पर पीपलतर हीरा सेठ के घर के पास मुख्य सड़क पर बरसात के पानी का कहीं भी निकासी नहीं होने के कारण जल जमाव होने से छोटे दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों के लिए सिरदर्द बन गया है। जल जमाव के कारण बरसाती बीमारी होने का खतरा दुकानदारों और राहगीरों को बना रहता है। इतना ही नहीं किसी दिन इस जलजामाव से भयंकर दुर्घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। मुख्य सड़क पर जल जमाव से इस जगह के छोटे दुकानदारों कि रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है, क्योंकि सड़क पर काफी दिनों से जल जमाव होने से पानी दूषित होकर बदबू देने लगी है। चुकी दूषित जल से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है इस कारण डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा राहगीरों, ग्रामीणों, दुकानदारों को हो सकता है। जल निकासी का समुचित प्रबंध जल्द ही नहीं किया गया तो इस क्षेत्र में मच्छर से होने वाले बीमारी से सैकड़ों लोग प्रभावित हो सकते हैं। यह क्षेत्र काफी भीड़-भाड़ वाला है। यहां हर पंचायत के लोगों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। इस स्थान से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छोटी-छोटी गाड़ियां चलती है।



### सड़क दुर्घटना में सब्जी विक्रेता घायल

**रमना।** बहियार खुर्द निवासी सब्जी विक्रेता 55 वर्षीय रामाधार राम परसवान पॉवर हाउस के आगे विरनाथ के करीब सड़क किनारे जमे कीचड़ में सब्जी लदे लूना से असंतुलित होकर सड़क किनारे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रमना से सब्जी खरीद कर बहियार जा रहे रामाधार राम बड़ी गाड़ी से एनएचआई के सड़क निर्माण के लिए चालू सड़क के दोनों तरफ से ऊंचा कर देने के चलते इसके मिट्टी बह कर चालू सड़क पर फैल गया है। जिसमें साइड लेते वक्त रामाधार राम गिर कर घायल हो गए। इनको राहगीरों द्वारा एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया।

## न्यूज | बॉक्स

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक सोराबजी की 143 वीं जयंती मनाई गई

**श्री बंशीधर नगर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानवाला की 143 वीं जयंती के अवसर पर जंगीपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट शाखा पाल्हे कलां में शुक्रवार को शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडेय की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक के संस्थापक की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्वलित कर संस्थापक को याद किया गया। साथ ही बैंक के सभी कर्मियों और अधिकारियों को संस्थापक के आदेशों के अनुरूप अपना व्यवसाय करने की शपथ दिलाई।शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडेय, उपशाखा प्रबंधक मनोज आइंद, उपशाखा प्रबंधक विनोद कुमार पंडित,प्रधान खजांची नीलम कुमार राही, कलर्क मेवालाल बिरुवा,दफ्तरी राजदेव सिंह खरवार, बीसी अमित कुमार चौबे,राजेश कुमार बैठा,अनूप कुमार,शशि कुमार तिवारी,ग्राहक अब्दुल मोतल्लिब,जितेंद्र विश्वकर्मा,चमेली देवी,आनंद कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ओबीसी एकता अधिकार मंच का खुटहेरिया में जनसभा



**कांडी।** ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में रांची से चलकर गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत खुटहेरिहा में ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ पहुंचा। वहां पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन खुटहेरिया में ओबीसी एकता अधिकार मंच द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' नारे को बुलंद किया गया। एकजुटता ही ओबीसी समाज को सशक्त बनाएगी। मौके पर केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा व ओबीसी आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है, फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी को मात्र 14 प्रतिशत ही आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है, जो उचित नहीं है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े व अति पिछड़े वर्ग द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है। हर सरकार को पिछला वर्ग की लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा। केन्द्रीय सदस्य आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि चाहे वह सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी संस्था सभी में 52 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था हो। साथ ही सभी ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कर उन्हें पढ़ने के लिए ओबीसी छात्रावास की व्यवस्था हर जिले में हो। पिंटू यादव ने कहा कि पिछड़ा वर्ग में प्रगतिशील सामाजिक राजनीतिक लोग है। फिर भी उन्हें सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए उपयोग कर रहे हैं। सबको एकजुट होना होगा और अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। शिवप्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकार ओबीसी का जमीन जायदाद बिना मतलब के विवादों में डालकर लूट रही हैं। जमीन संबंधित विवादों का जल्द से जल्द निपटारा कर लूटेरों के खिलाफ सख्त से कानून कार्रवाई करें व फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना कर व्यवसायों की लिए उचित न्याय करें। मौके पर महेश्वर विश्वकर्मा, राजगिरी प्रसाद , शंभू प्रसाद गुप्ता , संजय प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, जुबेर अंसारी , अमर प्रसाद व क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ गणमान्य एवं बड़ी संख्या में ओबीसी समाज के लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### मुखिया ने कांवरियों को अंग वस्त्र भेंट की



**केतार।** केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने शुक्रवार को दो दर्जन कांवरियों को अंग वस्त्र भेंट कर बाबा धाम देवघर के लिए रवाना किया। कांवरियों ने सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर में दर्शन पूजन किया इसके पश्चात मुखिया आवास पर मुखिया ने कांवरियों को अंग वस्त्र भेंट की। मौके पर पंकज कुमार, प्रविण मिश्रा, रविन्द्र सोनी, अंगद कुमार, मिथलेश कुमार, आशीष कुमार, सुमंत विश्वकर्मा,अनील कुमार,अशोक कुमार,छोटू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अखिल भारतीय आदिवासी महासभा ने चिनिया में धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस




नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा प्रखंड इकाई चिनिया द्वारा विश्व आदिवासी दिवस आईटीआई चिरका मैदान में मनाया गया। प्रखंड परिसर चिनिया से आईटीआई चिरका मैदान तक जुलूस निकाली गई। प्रखंड परिसर मे स्वतंत्रता सेनानी दुखी सिंह खरवार के प्रतिमा, थाना चौक पर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद चिरका आईटीआई के मैदान में रैली सभा में तब्दील हो गई। अध्यक्षता अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के प्रखंड सचिव अजय सिंह खरवार ने की। मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतु सिंह खरवार ने कहा देश के आदिवासियों को अब अपनी बोली, भाषा, लिपि, संस्कृति,धर्म,परंपराएं व अपनी सभ्यता पर समझौता नहीं करना चाहिए। अपने मान सम्मान और स्वाभिमान के प्रति सजग होकर विलुप्त होते गौरवशाली इतिहास को पूर्ण जीवित करने के लिए प्रण लेना चाहिए। ऐसा तभी संभव होगा जब हम आपसी समुदायों में वैमनस्यता और क्षेत्रीय संकीर्णिता का अंत कर अशिक्षा, जागरूकता, अंधविश्वास, कुरीतियां, रूढ़िया, शराब में लिप्त रहने जैसी बीमारियों को दूर करने में सफलता प्राप्त कर लें। एक तीर एक कमान सभी आदिवासी एक समान की भावना वास्तविक रूप से जब तक उत्पन्न नहीं होती है, तब तक सवर्ण जातियां आदिवासी समुदाय को जाति के नाम पर एक दूसरे के विरुद्ध संघर्ष के लिए किसी न किसी कारण से प्रेरित करती रहेगी। भारत के आदिवासियों के साथ अन्याय, अत्याचार हो रहा है। खासकर मणिपुर, मध्य प्रदेश के घटना से हम सब आदिवासी परिवार मर्माहत हैं। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केन्द्रीय सदस्य सुनील मिंज ने कहा भारतीय संविधान में 5 वीं व 6 वीं में अनुसूची आदिवासी समाज की संजीवनी है। जिसे बड़ी ही मेहनत, त्याग, समर्पण से आदिवासियों के मसीहा जयपाल सिंह मुंडा साहब ने तैयार कर संविधान में दर्ज कराया था। आदिवासियों के जंगल में जो कुछ भी हरियाली बची नजर आती है इसका क्रेडिट जयपाल मुंडा को जाता है, जो शेष बचा है उसे बचाए रखने की सामाजिक जिम्मेदारी हम सब की है।

## 24 घंटा से बिजली आपूर्ति बंद, परेशानी बढ़ी



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** क्षेत्र में ग्रिड तो बन जाने से नियमित बिजली आपूर्ति झारखण्ड बिजली वितरण निगम को मिल भी रही है, लेकिन पॉवर ट्रांसफॉर्मर का अचानक से तेल लीक हो जाने के कारण गुरुवार से ही भागोडीह पॉवर सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति बंद है। इससे प्रखंड में पिछले 24 घंटा से बिजली आपूर्ति बाधित है। बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरकार 200 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। जिससे कम बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके। लेकिन बिजली वितरण निगम की लापरवाही से रमना प्रखंड के लोग त्राहि-त्राहि कर रहें हैं। उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए लोग बिजली पंखा की ओर भाग रहे है, परन्तु वहां भी सुकून नहीं। तीन चार दिन से दिन व रात में बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली आपूर्ति में अनियमितता के कारण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। बिजली वितरण निगम का ऐसा हाल है कि हल्की बूंदा-बांदी के बाद ही 33 हजार में फॉल्ट हो जा रहा है। ना कोई आंधी न तूफान बस हल्की बारिश में ही पूरे प्रखंड परसवान पॉवर हॉउस से जुड़े ग्रामों को छोड़ कर भागोडीह पावर हॉउस से जुड़े सभी ग्रामों में अंधकार हो जा रहा है। इस संबंध में एसडीओ सुमेश कुमार ने बताया कि पॉवर ट्रांसफॉर्मर बहुत वाइब्रेट करता है, जिससे तेल लीक होते रहता है। बारिश का मौसम होने की वजह से पता नहीं चला। इसमें तेल डाल दिया गया है, जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

पूर्व मंत्री का परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा शुरू

# करोड़ों का बालू बेचकर मंदिर में एक लाख दान कर रहे हैं मंत्री : गिरीनाथ

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ का परिवर्तन सह जनसम्पर्क यात्रा शुक्रवार को मां गढ़देवी की पूजा अर्चना के साथ गढ़वा प्रखंड में शुरू किया गया। पूर्व मंत्री ने नागपंचमी व विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दिया। इस क्रम में पूर्व मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा प्रखंड के पंचायत कोरवाडीह शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर युवा साथियों द्वारा आयोजित जुलूस में शामिल हुए। इसके बाद 500 का बालू 5000 में बेचा जा रहा है। आजकल मंत्री मंदिर में दान करते चल रहें हैं। जनता इनको आईना दिखाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि करोड़ों का बालू बेचकर मंदिर में एक लाख का दान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनके कार्यकाल में गुंडागर्दी चरम पर है। गरीबों, दलितों को शोषित किया जा रहा है। आज लोग डरे और सहमें हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी को डरने कि जरूरत नहीं है। वह गढ़वासियों के साथ हैं और हमेशा रहेंगे। वादा करते हैं कि सत्ता में पुनः आने के बाद छूटा हुआ काम को पूरा करने का काम करेंगे। संग्रहे में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। परिवर्तन यात्रा में नवीन सिंह, गणेश प्रसाद यादव,बाबूल सिंह, लक्ष्मी रवि, मुन्ना सिंह, कुलदीप यादव, अफजल अंसारी, रघुवीर राम, बसंत लकड़ा, विनोद उरॉव, सुभाष कोरवा, ओमप्रकाश ठाकुर हाफी साहेब, पारस यादव सहित सैकड़ो कि संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।



**कई गांव के लोगों के साथ मिले पूर्व मंत्री**

पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का कार्यक्रम पंचायत ओबरा के ग्राम बानूटीकर, तुलबुला, भदुआ, पिपरढ़ाबा, अन्नराज नावाडीह, ओबरा, बूढ़ी गम्हार सहित विभिन्न टोलों का दौरा कर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने वर्तमान विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर का बिना नाम लिए कहा किजनता का कोई काम नहीं हो रहा हैं। विधानसभा क्षेत्र में घूसखोरी व्याप्त हैं। पिछले 5 साल केवल लूटने का काम किया हैं।

### भूमि विवाद में मारपीट, पांच घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में भूमि विवाद में मारपीट की घटना में महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों में सदिक अंसारी, समीना बीवी, परवेज अंसारी, मुशर्रफ अंसारी, रसीदान बीवी का नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में समीना बीवी ने आरोप लगाया कि अपना खेत में ट्रैक्टर हल जोताने के लिए ले गया था। इसके बाद शाहिद अंसारी, इस्माइल अंसारी आदि ने मिलकर उसके जमीन को अपना जमीन बात कर ट्रैक्टर को खेत जोतने से मना कर दिया। उसके बाद वह अपना ट्रैक्टर से उसी भूमि को जोतने पर उसे खेत जोतने से मना किया। शाहिद अंसारी, इस्माइल अंसारी, इशरत अंसारी, हाशिम अंसारी, तौहिद अंसारी, असगर अंसारी, इस्लाम अंसारी, सगीर अंसारी ने मिलकर उन लोगों को घायल कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## विकास से प्रभावित होकर दूसरे दल के लोग झामुमो में शामिल हो रहे : मंत्री



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के फरठिया भाजपा पंचायत अध्यक्ष व कई वरिष्ठ नेताओं सहित 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर व मिठाई खिलाकर कर पार्टी में शामिल किया। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा पंचायत अध्यक्ष राममुरत राम, युवा वाहनी सेना अध्यक्ष प्रयाग चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रसाद चौधरी, विंध्याचल चौधरी, युवा नेता नरेश चौधरी, दीपक चौधरी, समाजसेवी मुख्तार अंसारी, एआइएमआइएम नेता महताब अंसारी सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज के समय में गढ़वा सहित पूरे राज्य में हेमंत सरकार का काम बोल रहा है। राज्य सरकार की जनोपयोगी योजनाओं एवं गढ़वा के विकास कार्यों से प्रभावित होकर प्रतिदिन दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। हर रोज झामुमो का परिवार बढ़ रहा है। साथ ही अधिक संख्या में लोगों के पार्टी में शामिल होने से पार्टी और भी मजबूत हो रही है। मंत्री ने कहा कि जिस पार्टी में कार्यकताओं की कद्र नहीं है, उस पार्टी से आम जनता को क्या उम्मीद होगी। लंबे समय से घुटन महसूस कर रहे लोग अब झामुमो में शामिल हो रहे हैं। यहां सभी को पूरी तरह से मान सम्मान दिया जा रहा है। जिस हिसाब से लोग दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं, आने वाले समय में विपक्षी पार्टियों का झंडा टांगने के लिए भी कोई कार्यकर्ता नहीं बचेगा। पूरा गढ़वा झामुमो मय हो गया है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, शरीफ अंसारी, फरीद खान, सलीम जाफर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

